LESSON PLAN- II

CLASS -आठवीं SUBIECT-हिंदी

(BLOOM'S LEVELS AND SUB CATEGORIES TO BE PUT ACCORDINGLY, THE TABLE TO BE FILLED)

TOPIC- लाख की चूड़ियाँ

BRIEF DESCRIPTION-मशीनों के प्रयोग से हमें लाभ तो होता है किंतु अप्रत्यक्ष रूप में इससे हानि भी होती है ।मशीनों का प्रयोग विकास का सूचक समझा जाता है किंतु हस्तकला एवं कुटीर उद्योगों पर इसका कितना बुरा एवं दूरगामी असर होता है ,पाठ में इसी का वर्णन किया गया है। मशीनों के प्रयोग से बदलू जैसे कुशल कारीगरों के हाथ से काम छिन गया है। ऐसे कारीगर या तो बेरोजगार हो चुके हैं या फिर कोई और व्यवसाय अपनाने को विवश है। इन्हीं सभी बिंदुओं को इस पाठ में विस्तार रूप से दर्शाया गया है।

UN SUSTAINABLE GOALS TO BE DISCUSSED(ifapplicable; otherwise not to be written

OBJECTIVE -

1 विधानुसार शुद्ध उच्चारण के साथ आदर्श वाचन करना।

2 स्वराघात, बलाघात एवं उतार-चढ़ाव के साथ भावानुकूल वाचन करना।

3 विषय वस्तु तथा क्रमबद्ध तरीके से विद्यार्थियों में कल्पना शक्ति तथा पाठ पठन की कौशलों का विकास करना।

1- **Specific Objectives**
   To enable the students to
   Sp1-उचित हाव-भाव, आरोह -अवरोह तथा बलाघात के साथ वाचन करना ।
   SP2-शुद्ध एवं स्पष्ट उच्चारण के साथ विराम चिन्ह का प्रयोग करते हुए पठन कार्य में योग्यता विस्तार करना।
   Sp3-विधा के अनुसार वाचन के साथ शब्द भंडारा में वृद्धि, नए वाक्यों का निर्माण, रचनात्मकता तथा शुद्ध लेखन की योग्यता का विकास करना।
   Sp4-भाषा में निपुणता लाना , हिंदी के प्रति रुचि उत्पन्न करना करते हुए कल्पना शक्ति का विकास करना।

2-Behavioural Objectives

To enable the students to-

B 1 -आत्मविश्वास के साथ पठन एवं वाचन का सहयोग पूर्ण अभ्यास करवाना।

B2- मशीनी युग के बदलाव को समझना तथा नई तकनीकों के आने से गाँव में होने वाले प्रभाव का महत्व जान पाना।

PROCESS/ACTIVITIES

(these can be put under-activity to introduce, activity to support learning, activity to assess

ACTI-पाठ को पढ़ाने से पूर्व लाख,लाख के कीड़े, लाख से बनने वाली वस्तुएँ तथा लाख का अधिकाधिक उपयोग करने वाले राज्यों के संबंध में जानकारी देना।

ACT 2-पाठ के आधार पर पाठ का पात्र बदलू किस प्रकार लाख की चूड़ियाँ बनाता था, इस विधि का वाचन उचित विराम चिन्ह का प्रयोग करते हुए करवाया जाएगा। साथ ही साथ उचित हाव-भाव , आरोह-अवरोह के साथ विधानुसार, क्रमानुसार रचनात्मक रूप से इस पद्धति को बता पाएँगे। अनुक्रमांक के अनुसार निम्नलिखित बिंदुओं पर विद्यार्थियों को परखा जाएगा।(विद्यार्थी चाहे तो अपनी कोई भी एक मनपसंद वस्तु की निर्माण विधि को विधानुसार बता सकता है)

मूल्यांकन बिंदु-

हाव-भाव, उच्चारण, धाराप्रवाह, आत्मविश्वास एवं समग्र प्रभाव।

ACT 3-समस्त विद्यार्थियों को 'मशीनी युग से हमारे खान- पान, रहन -सहन, और कपड़ों में बदलाव उचित या अनुचित' विषय पर अनुच्छेद लेखन का कार्य दिया जाएगा ।प्रत्येक छात्र को अनुक्रमांक के अनुसार निर्धारित शब्द सीमा (80-120) के आधार पर लेखन कार्य की जांच की जाएगी।छात्रों का मूल्यांकन निम्नलिखित बिंदुओं पर किया जाएगा।

मूल्यांकन बिंदु-

विषयवस्तु , रचनात्मकता, भाषा शैली, प्रारूप, समग्र प्रभाव

Exercise for Notebook(put bloom's level)

A Glossary

शब्दार्थ-App- implementing

मनिहार-चूड़ी बनाने या बेचने का काम करने वाला

लाख- मोम जैसा लाल पदार्थ

खपत- माँग

मुद्रा विनिमय -वस्तुओं के बदले वस्तुएँ लेने देने की प्रथा

b-Reference to Context-पाठ का सार अपने शब्दों में लिखिए।

c Typology of questions

1 संक्षेप में लिखिए-

(क) लाख हमें किनसे प्राप्त होता है?K- recognising
(ख) लाख से किन किन वस्तुओं का निर्माण होता है?U-classifying
(ग) आप कैसे कह सकते हो कि बदलू चूड़ियाँ बनाने वाला कुशल कारीगर था?U-interpreting

2 विस्तार से उत्तर लिखिए-

(क) मशीनी युग ने छोटे कारीगरों को किस प्रकार प्रभावित किया है, पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।U-explaining

(ख) बदलू की चारित्रिक विशेषताएँ क्या थी ?पाठ के आधार पर लिखिए।U-classifying

d Value based questions

(क) बदलू से मिलकर, आम खाकर लौटते समय लेखक की प्रसंता का क्या कारण था?Ev-checking ,judging

EXPECTED LEARNING OUTCOMES –

Students will be able to-

1-छात्र उचित हाव-भाव, आरोह -अवरोह के साथ वाचन करेंगे।

2-शुद्ध एवं स्पष्ट उच्चारण के साथ लेखन में सक्षम होगें।

3-विधा के अनुसार विराम चिन्ह का प्रयोग करते हुए वाचन का अभ्यास करेंगे।

4-भाषा में निपुणता लाएँगे तथा हिंदी वाचन एवं लेखन के प्रति रुचि उत्पन्न होगी।

5-वे स्वयं में सृजनात्मकता का विकास करेंगे ।

6-आत्मविश्वास के साथ लेखन एवं पठन करेंगे ।

7- जीवन में स्वाभिमान का क्या महत्त्व होता है, इस बात की गंभीरता को समझ सकेंगे।

8 शब्द भंडार में वृद्धि ,नवीन वाक्य संरचना तथा रचनात्मक लेखन कार्य में विस्तार कर पाएंगे।

	Placement of objectives instructional activities and assessment Topic-लाख की चूड़ियाँ					
	KNOWLEDGE	UNDERSTANDING	APPLICATION	ANALYSE	EVALUATION	
Objectives	Bo2	So3	So1-,So2,Bo1			

Activities		**Act-1**	**Act-2,Act-3**			
Assessment						

REVIEW OF THE LESSON PLAN

(To BE DONE WHEN THE LESSON GETS OVER)

Problems faced-

Success- Failure-

Real Learning Outcomes

ELO-

Students' response/ participation

Teacher's Learning-

TO INCORPORATE IN TERM 2-